## फिर उठने लगी तेन्दुपत्ता संग्रहकों के नगद भुगतान की मांग

### ✷ विधायक विक्रम मंडावी समेत कांग्रेस नेताओं ने सौंपा ज्ञापन





बीजापुर, 8 मई (दण्डकारण्य समाचार)। मंगलवार को बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी और कांग्रेस के नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर बीजापुर को ज्ञापन सौंप कर तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान की मांग की है। मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर बीजापुर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि बीजापुर आदिवासी बाहुल्य जिला है तथा ज्यादातर ग्रामीण तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य करते है एवं दूरस्थ अंचलों के संग्रहकों के जीविकोपार्जन का एक मात्र साधन भी है। ग्रामीण अंचलों में निवासरत लोगों के लिए तेन्दूपत्ता संग्रहण एक त्यौहार जैसा ही होता है। सभी संग्रहकों के पास बैंक खाता उपलब्ध नहीं है। जिले के ग्रामीण अन्य शासकीय योजनाओं के लिए बैंकों में शून्य की राशि में खाता खोल रखा है किन्तु लेन-देन के अभाव में कई बैंक खाते बंद हो चुके है तथा जनधन योजना के तहत् खोले गए कई खाते वर्तमान में बंद हो चुके है। ग्रामीणों के खाते बंद होने से खाते में राशि अंतरण नहीं हो पाता है जिससे ग्रामीण, बैंकों तथा विभागीय कार्यालयों में जाकर अनावश्यक परेशान होते है। बीजापुर जिला अतिसंवेदनशील एवं दूरस्थ क्षेत्र है। यहां पर अंदरूनी गांवो से बैंको की दूरी बहुत ही ज्यादा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि वर्तमान में दूरस्थ अंचल होने के कारण परिवहन का साधन उपलब्ध नहीं होने से बैंको से राशि आहरण करने आने में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक का नगद भुगतान संग्रहकों को तत्काल उपलब्ध हो। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर, विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, नीना रावतिया उद्दे, आर. वेणुगोपाल राव, इम्तियाज़ ख़ान, जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ दशरथ कुंजाम, जनपद अध्यक्ष बीजापुर बोधी ताती, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, प्रवीण डोंगरे, पुरुषोत्तम खत्री, जितेंद्र हेमला, मनोज अवलम, एजाज़ सिद्दीक़ी, मगन प्रभुलिया, बलराम कोरसा और बब्बू राठी आदि मौजूद थे। जिला वनोपज सहकारी यूनियन से मिली जानकारी के अनुसार सीजन 2024 में 1 लाख 21हजार 6 सौ मानक बोरा तेंदुपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। यहां जिला वनोपज सहकारी यूनियन के अधीन 28 समितियों के माध्यम से 5 सौ 85 फड़ों के माध्यम से संग्रहित किया जाना है। सभी 28 समितियों के क्रेता तय बताया गया है। सीजन 2023 में 1 लाख 21 हजार 6 सौ मानक बोरा का लक्ष्य था जिसके विरुद्ध 80 हजार 9 सौ अड़तीस मानक बोरा का संग्रहण किया गया था। सभी 28 समितियों के क्रेता तय बताया गया है। सीजन 2022 में 80 हजार 5 सौ मानक बोरा का लक्ष्य था जिसके विरुद्ध 80 हजार 9 सौ अड़तीस मानक बोरा का संग्रहण किया गया था।

### बीसी सखी के माध्यम से बैंकिंग सुविधा ग्रामीणों तक पहुंच अब भी अधर में

जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि जिले में वर्तमान में लगभग 64 ग्राम पंचायतों में एयरटेल पेमेंट बैंक और बीसी सखी के माध्यम से बैंकिग सेवा पहुंचाया जा रहा है, इसके माध्यम से ग्रामीणों को गांव व घर पहुंच नकद भुगतान की सुविधा प्राप्त हो रही है। जिले में ऐसे भी बहुत से ग्राम पंचायतें हैं जहां बीसी सखियों द्वारा बैंकिंग सुविधा की पहुंच के प्रयास किए जा रहे हैं।

## राशन कार्ड मे आधार सिडिंग शतप्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें - कलेक्टर

✷ नियद नेल्लानार योजनाओं के कार्यो का सर्वे कर जानकारी दो दिवस के भीतर प्रस्तुत करें

✷ शासकीय जमीनों पर अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के निर्देश




नारायणपुर, 08 मई (दण्डकारण्य समाचार)। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर बिपिन मांझी ने जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर बच्चों के जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड बनाने, जिले के राशनकार्डधारियों को शतप्रतिशत आधार सिडिंग 20 मई तक लक्ष्य के अनुरूपप पूर्ण कराने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों एवं पत्रों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय सीमा मे प्रकरणों का निराकरण करना सुनिश्चित करें ताकि राज्य शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को समय पर मिल सके। उन्होंने राज्य सरकार के प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का बैंक खाता आधार से शतप्रतिशत लिंक कराने के निर्देश दिये। जिले के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशन योजना के हितग्राहियों को आधार सिडिंग कराने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को दिये।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की जानकारी लेते हुए सीएमएचओ से कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके साथ आने वाले परिजनों को बेहतर सुविधा प्रदान की जाये। उन्होंने अस्पताल परिसर में नारियल के पौधे लगाने तथा अस्पताल में मरीजों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए सीटी स्केन मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने जिला अस्पताल में पर्याप्त पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरम्मत कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने अस्पताल में कचरा के निष्पादन प्रतिदिन करने के साथ अस्पताल परिसर को साफ सफाई रखने निर्देशित किया। उन्होंने जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की रिक्त पदों पर भर्ती आदर्श आचार संहिता खत्म होते ही पूर्ण कराने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किये।

कलेक्टर श्री मांझी ने राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि, महिला एवं बाल विकास, क्रेडा, विद्युत, पशुधन, वन सहित अन्य संबंधित विभागों के कार्यो का समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। राजस्व विभाग के द्वारा सीमांकन, बटवारें, अतिक्रमण को हटाने और किसान किताब पत्र की मांग किये जाने पर परीक्षण कर वितरण कराना सुनिश्चित करें। जिले के नक्सली पिड़ितों को आर्थिक सहायता समय सीमा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। गर्मी के मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के निवासियों को पेयजल की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। बोरपाल निवासी बुधमती नाग द्वारा अनुकंपा नियुक्ति संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका निराकरण कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के शासकीय जमीनों में अनाधिकृत रूप से अतिक्रमणों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश तहसीलदार नारायणपुर को दिये।

नियद नेल्लानार योजनांतर्गत समीक्षा करते हुए कलेक्टर बिपिन मांझी ने जिले में नवीन पुलिस कैम्प संचालित ग्राम पंचायत के अंतर्गत पांच किलोमीटर के क्षेत्र को आदर्श ग्राम के रूप में विकसीत करने उद्देश्य से कार्य योजना बनाई गई है, जिसमें ग्राम पंचायत कस्तुरमेटा, ईरकभट्टी, मसपुर शामिल हैं।

इन सभी ग्राम पंचायतों को आदर्श ग्राम बनाने हेतु पंचायतों में सड़क, बिजली, पानी, पोस्ट आफिस, आंगनबाड़ी, सामुदायिक भवन निर्माण सहित तालाबों के मरम्मत एवं महिलाओं हेतु निर्मला घाट बनाने के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए उद्यानिकी विभाग के अधिकारी को किसानो की जमीनों का सर्वे कर नारियल, लिची, तेजपत्ती, आम, अमरूद, कटहल, नीबू, सीताफल जैसे पौधो का वितरण और मछली पालन सहित सामुदायिक खेती कराने हेतु कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने जन्म दिवस के अवसर पर विद्यालयों में बच्चों के साथ न्योता भोजन उत्सव के रूप में 16 जून से कराने हेतु निर्देशित दिये। कलेक्टर ने जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आश्रम छात्रावास और स्कूलों का नियमित रूप निरीक्षण करने के दौरान निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा विद्यालय भवनों का अनिवार्य रूप से अवलोकन करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आकांक्षा शिक्षा खलखो, अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अभयजीत मंडावी, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. टीआर कुंवर, उप संचालक कृषि बीएस बघेल, जिला कोषालय अधिकारी हरिश साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले दो गिरफ्तार

गरियाबंद, 08 मई (एजेंसी)। जिले के उदंती सीता नदी अभ्यारण्य क्षेत्र में पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले 2 आरोपियों को 25 दिनों बाद एंटी पोचिंग टीम ने ओडिशा बॉर्डर कालीमाटी से गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी मध्यप्रदेश के एक शिकारी से बम खरीदकर भालू का शिकार करते थे।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को वन मंडल को खबर मिली कि इंदागांव (घुरवागुड़ी) बफ र परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1243 पहाड़ी के नीचे पोटाश बम से भालू का शिकार किया गया है। सूचना पर सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, विश्वेश कुमार झा मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर एवं वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के मार्गदर्शन में आरोपी हजारी पिता तुलसीराम एवं उत्तम पिता खगेश्वर को एन्टी पोचिंग टीम ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए कार्यालय सहायक संचालक उदंती (मैनपुर) लाया। दोनों आरोपियों ने पोटाश बम से भालू का शिकार करने की बात कही। आरोपियों का मध्य भारत में सक्रीय बड़े गिरोह में शामिल होने की आशंका जताई जा रही। इस कार्रवाई में गरियाबंद पुलिस साइबर सेल का अहम योगदान रहा।

## कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्रीष्मकालीन दलहनी एवं तिलहनी फसलों का प्रदर्शन

सुकमा, 08 मई (दण्डकारण्य समाचार)। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा ग्रीष्मकालीन दलहनी एवं तिलहनी फ़सलों का किसानों के खेत में सफल प्रदर्शन किया गया। जिसके अंतर्गत 25 एकड़ में मूंग फ़सल की शिखा किस्म, 25 एकड़ में उर्द फ़सल की इंदिरा उड़द प्रथम किस्म तथा 15 एकड़ में सूरजमुखी फ़सल की हाइब्रिड के. बी.एस .एच.-44 का जिले के दो विकासखंड सुकमा और छिंदगढ के करीब दस गाँव मे प्रदर्शन लगाया गया जिसमें कृषि की सभी नवीन तकनीकी का उपयोग किया गया, उच्च स्तरीय बीज , जैविक खाद एवं कतार बौनी करके फ़सल बोई गई, केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों की टीम श्री एच. एस. तोमर, परमानन्द, डॉ योगेश सिदार, डॉ श्री आर. पी. कश्यप, डॉ संजय राठौर, श्री यमलेशर भूआर्या ने समय समय पर जाकर खेतों का निरीक्षण और अवलोकन किया तथा किसानों को हर समस्या का निराकरण बताया, वर्तमान मे तीनों फ़सल की कटाई की जा रही है, उपरोक्त तीनों प्रदर्शनों के सफल आयोजन में जिले के उप संचालक कृषि श्री पी. आर. बघेल एवं उनकी टीम द्वारा किसानो के चयन तथा प्रदर्शन के आयोजन में पूरा पूरा सहयोग मिला, ग्रीष्मकालीन फसल उत्पादन का मुख्य उद्देश्य किसान भाइयों को आत्मनिर्भर बनाना, उनकी आय बढ़ाने के साथ साथ फसलचक्र परिवर्तन अपनाकर मिट्टी की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाना है।



## सड़क दुर्घटना भी नहीं बन सकी मतदान में बाधा, घायल विजय और बसंत ने किया मतदान

✷ अस्पताल से लेकर गए मतदान केंद्र, वोट डलवाकर दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में फिर करवाया एडमिट

रायगढ़, 08 मई (एजेंसी)। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में आहुति डालने से विजय और बसंत बिरहोर को सड़क दुर्घटना भी नही रोक सकी। दरअसल 05 मई को एक दुर्घटना में तमनार ब्लॉक के कचकोबा गांव में रहने वाले विजय के पैर और कमर में चोट थी। जिससे उन्हें चलने-फिरने में तकलीफ है। वहीं बसंत के भी पैर में चोट है। इलाज के लिए दोनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार में भर्ती हैं। आज 07 मई को दोनों ने मतदान की इच्छा जताई तो स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर और स्टाफ उनके मतदाता संगी बन उन्हें मतदान केंद्र तक लेकर गए। बीएमओ डॉ.ए.के.मिंज के नेतृत्व में आरएमए डोल नारायण, आरएचओ लक्ष्मी सारथी व ड्राइवर रोहित के साथ पूरे मेडिकल दल की निगरानी में विजय और बसंत बिरहोर दोनों मतदान करने पहुंचे, जहां दोनों ने वोट डाला। जिसके पश्चात उन्हें सकुशल वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमनार में आगे के इलाज के लिए एडमिट कराया गया।

## देमार सड़क दुर्घटना के बाद उपपुलिस अधीक्षक यातायात ने किया निरीक्षण

धमतरी, 08 मई (एजेंसी)। दुर्घटना रोकने हेतु सड़क निर्माण एजेंसी एडीबी को लिखा गया पत्र

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आंजेनय वार्ष्णेय के निर्देशन पर में यातायात उप पुलिस अधीक्षक श्री मंणीशंकर चन्द्रा के द्वारा आज दिनांक 07.05.24 को प्रातः देमार के पास गिट्टी से भरी ट्रक पलट जाने से नाली निर्माण में लगे मजदूरों के गिट्टी में दब जाने से एक मजदूर का मौके पर ही मौत हो गई तथा अन्य एक मजदूर गंभीर घायल होने से 108 एम्बुलेंश के माध्यम से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। घटित सड़क दुर्घटना के कारणों को जानने के लिए मौके में पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया, एवं आसपास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की गई।

दुर्घटना घटित होने का कारण घटना स्थल के आगे हल्का मोंड़ होने से आरोपी वाहन चालक द्वारा तेजगति से अपने वाहन को ओवरटेक करते हुए रोड किनारे चले जाने से नाली निर्माण के लिए खोदे गये गड्ढे में चक्का चले जाने से अनियंत्रित होकर वाहन पलटना पाया गया।

दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने हेतु मौके पर स्टापर लगवाया गया, साथ ही सड़क निर्माण एजेंसी को पत्राचार कर गति अवरोधक एवं ओवरटेक हेतु किये गये रोड मार्किंग के स्थान पर सीधी मार्किंग किये जाने निर्देशित किया गया। यातायात पुलिस सभी वाहन चालकों एवं आमजनो से अपील करती है कि तेजगति से वाहन चलाते हुए अपने वाहन को ओवरटेक न करें, खाली जगह मिलने पर ही वाहन ओवरटेक करे, अबादी क्षेत्र में वाहन को धीमी चलायें यातायात नियमो का पालन करें यातायात पुलिस का सहयोग करें।

## आबकारी अमला ने जप्त किया 20 लीटर महुआ शराब

धमतरी, 08 मई (एजेंसी)। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी श्री प्रभाकर शर्मा ने बताया कि नगरी के ग्राम सियादेही जंगल में आबकारी अमला द्वारा कार्यवाही करते हुए 20 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। इसी तरह लगभग 500 किलो महुआ लाहन जप्त कर नष्ट किया गया। साथ ही अज्ञात आरोपी के खिलाफ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) च के तहत कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर आबकारी उप निरीक्षक निशांत साधु, अजय मारकण्डे, आबकरी प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आबकारी आरक्षक मुरली सोनी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिले में वृद्ध व दिव्यांगजनों ने मतदाता रथ में बैठकर तय किया मतदान केंद्र का सफर

✷ निशुल्क मतदाता रथ में 68 मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाया सूरजपुर टीम ने

सूरजपुर, 08 मई (एजेंसी)। भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप वरिष्ठ (85 प्लस) व दिव्यांगजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिले में निशुल्क मतदाता रथ की सुविधा मुहैया कराई गई थी। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के निर्देशन व मार्गदर्शन में इस निशुल्क मतदाता रथ का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया था, जिसमें पंजीयन के लिए 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया था। प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार इस सुविधा के अंतर्गत आज नगरीय निकाय के 68 मतदाताओं को विभिन्न वार्डों से उनके मतदान केंद्र पहुंचाया गया।

सुबह-सुबह फूलों से सुसज्जित मतदान रथ पंजीकृत मतदाताओं के घर पर पहुंची जहां उनके निवास स्थल से उन्हें उनके मतदान केंद्र पहुंचाया गया और उन्हें वापस उनके घर भी छोड़ा गया।

इनमें से कई मतदाता 90 प्लस उम्र के भी थे। जिसमें वार्ड क्रमांक 18 बड़कापारा से श्रीमती फुलेश्वरी वैष्णव 94 वर्ष, बड़कापर से ही श्रीमती रैमुनिया राजवाड़े 92 वर्ष आयु की मतदाता थी। भारत निर्वाचन आयोग की इस सुंदर पहल पर श्रीमती फुलेश्वरी वैष्णव द्वारा धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। श्रीमती रैमुनिया राजवाड़े ने भी प्रशासन व जिला निर्वाचन अधिकारी को मतदाता रथ की विशेष सुविधा के लिए धन्यवाद कहा। दोनों के द्वारा मतदान केंद्र पहुंचने और मताधिकार का उपयोग करने पर खुशी जाहिर की गई।

## जुआ-सट्टा के 17 मामलों में 17 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव, 08 मई (एजेंसी)। जिले में अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने 17 मामलो मे 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से नगदी सहित हजारों रूपयों की सट्टा पट्टी जब्त किया है।

बा दें कि मोहित गर्ग के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के पर्यवेक्षण में जिले में चलाये जा रहे अवैध जुआ/सट्टा के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 7.05.2024 को थाना प्रभारियों को सट्टा खाइवालों सहित अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर विशेष अभियान के अंतर्गत पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके तहत् थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2630 रूपये व 09 नग सट्टा पट्टी जप्त, बसंतपुर पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 1380 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त। थाना सोमनी पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2230 रूपये जप्त कर 02 नग सट्टा पट्टी जप्त। थाना छुरिया पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी के पास से नगदी रकम 650 रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी जप्त। डोंगरगांव पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 3940 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त, डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास नगदी रकम 1430 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी जप्त, घुमका पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 4000 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी, ओपी चिखली पुलिस द्वारा 02 प्रकरण में 02 आरोपी के पास से नगदी रकम 2075 रूपये व 02 नग सट्टा पट्टी, तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 अरोपी के पास से नगदी रकम 450/-रूपये व 01 नग सट्टा पट्टी जप्त, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा 01 प्रकरण में 01 आरोपी से नगदी रकम 450/- रूपये जप्त किया गया । इस प्रकार जिले में मंगलवार को कुल 17 प्रकरणों में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 19255 रूपये नगद एवं लाखों का सटा-पट्टी बरामद कर सभी आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई।